**English**

TNC Inc welcomes the involvement of all people from our local community.

**Arabic**

يرحب نادي TNC بمشاركة جميع الأفراد من المجتمع المحلي.

**Chinese Traditional**

TNC有限公司歡迎本地社區所有人士的參與。

**Croatian**

TNC Inc poziva sve ljude u našoj zajednici da se uključe.

**Dari**

كلپ TNC Inc از دخلات همه مردم محل پيشباز مى نمايد.

**Dinka**

Aguir ë TNC ee kɔɔc cëŋ wuöt akeunhom yiic cɔɔl bïk röt mat kek TNC

**Hindi**

टी एन सी इंक। हमारे स्थानीय समुदाय के सभी लोगों का भाग लेने के लिए स्वागत करता है।

**Persian (Farsi)**

انجمن TNC ازهمكارى و شركت كليه افراد محل استقبال مى كند.

**Samoan**

E faafeiloa'i atu le TNC Inc ile auai mai o tagata uma mai la tatou komiuniti.

**Tagalog (Filipino)**

Maluwag na tinatanggap ng TNC ang pakikisali ng lahat ng mga tao sa aming lokal na komunidad.

**Tamil**

TNC Inc எமது உள் சமூகத்தவர்களின் ஈடுபாட்டை வரவேற்கிறது.

**Turkish**

TNC Inc, yerel toplumumuzun tüm bireylerinin katılımını arzu etmektedir.



टी एन सी कार्यालय 9—13 First Ave, Blacktown पर स्थित है। यह ब्लैकटाउन सोशियल क्लब के सदस्यों और प्रबंधन समिति की मासिक मुलाकातों का भी स्थल है।

5 Kelly Close, Mt. Druitt पर स्थित WASH House माउँट ड्रयुइट कार्यक्रम के सदस्यों की मुलाकातों का स्थल है।

सोमवार से लेकर शुक्रवार तक 9 बजे सुबह से 4 बजे दोपहर तक यह स्थल प्रशासन के लिए खुले रहते हैं। आयोजित की गई गतिविधियों के लिए ये 4 बजे के बाद भी खुले रखे जा सकते हैं, परंतु आने से पहले कृपया हमें फोन द्धारा सूचित कर दें, या उत्तर फोन पर बस एक संदेश छोड़ दें।

टी एन सी इंकोर्पोरेटड

(TNC Inc is funded by the Department of Ageing, Disability and Home Care)

क्लब समन्यवक - **(02) 9671 7217**
मनोरंन अधिकारी - **(02) 9671 7217**
मनोरंजक सहायक - **(02) 9831 1176**

**PO Box 394, Blacktown NSW 2148**

**9-13 First Avenue, Blacktown**
**(off Sunnyholt Rd, walking distance from Blacktown Rail Station)**

22306 www.newleafdesign.com.au

# बौद्धिक विकलाँगताओं से ग्रस्त वयस्कों हेतु मनोरंजन

## और खाली समय बिताने के लिए सेवाएँ

TNC inc Leisure Services

**दूरभाष: (02) 9671 7217**
9-13 First Avenue, Blacktown, NSW 2148
**Fax**: (02) 9831 1176 • **Email:** tnc@iprimus.com.au

ट्यूसडे नाइट क्लब ब्लैकटाउन एल. जी. ए. में निवास करने वाले बौद्धिक विकलाँगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मनोरंजन और खाली समय बिताने के अवसर उपलब्ध कराने वाला एक सामुदायिक संगठन है।

टी एन सी इंक. दो मनोरंजन कार्यक्रम उपलब्ध कराता हैल एक कार्यक्रम ब्लैकटाउन में और दूसरा कार्यक्रम माउँट ड्रयुइट में आधारित है।



Fun day at Luna Park

यह क्लब सदस्यों के लिए गतिविधियाँ और पर्यटन के अवसरों का प्रबंध करता है, जोकि जहाँ तक सँभव हो सके सामुदायिक सुविधाओं और परिवहन का उपयोग कर उनके समेकन को बढ़ावा देते हैं।

कार्यकारी दिवसों में रात में और सप्ताह के अंत में ये गतिविधियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं - इनमें दोस्तों के साथ डिनऱ डी वी डी और पिज़्ज़ा नाइट़ बार्बेक्यू और दिन में घूमर्नेफिरने के भ्रमण शामिल हैं।

विभिन्न ऑस्ट्रेलियाई और विदेशी स्थलों के लिए सप्ताह के अंत में या पूरे सप्ताह भर के लिए पर्यटर्नयात्राएँ आयोजित की जाती हैं।

कई बार सदस्य किन्हीं विशेष विषयों में अभिरुचि दिखाते हैं। जहाँ तक सँभव हो सके़ क्लब उन विषयों पर लघुकालीन कोर्स आयोजित कर सकता है। जैसेकि महिलाओं की स्वास्थ्यर्स-बंधी आवश्यकताएँ, कंप्यूटर, आपस के संबध या प्राथमिक चिकित्सा।

यह क्लब विकलाँग व्यक्तियों की आवश्यकताओं के बारे में समुदाय में जागरुकता बढ़ाने के लिए बहुत सक्रिय है, और अपने सदस्यों और इसमें अभिरुचि रखने वाले अन्य लोगों के लिए एक सूचना-स्रोत उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करता है।






New Building

टी एन सी इंक. की स्थापना ***1979*** में की गई थी और इसको इंकोर्पोरेशन का दर्जा ***1990*** में प्राप्त हुआ। इसका सँचालन एक प्रबंधन समिति ***(Management Committee)*** द्वारा किया जाता है, जिसमें मार्तापिता मित्रगण और अभिरुचि रखने वाले समुदाय के अन्य सदस्य या व्यावसायिक शामिल हैं।

## सेवा उपयोगकर्ता समिति **(Service User Committee)**

सेवा उपयोगकर्ता समिति नियमित रूप से आयोजित की जाने वाली योजना संध्याओं के माध्यम से मनोरंजन सदस्यों (Recreation Members) के दृष्टिकोण और इच्छाओं का प्रतिनिधित्व करती है,और हरेक तीन महीने में प्रबंधन समिति को लेर्खाजोखा देती है।

टी एन सी के कर्मचारीदल का लक्ष्य यह है कि वे सभी सदस्यों को मनोरंजन और खाली समय बिताने के विकल्पों का चयन करने के अनुभव में़ और स्थानीय समुदाय में उपलब्ध मनोरंजन की सुविधाओं का धीर्रेधीरे स्वतंत्र रूप से उपयोग करने में सहायता प्रदान कर सकें। गतिविधियों को सफल रूप से उपलब्ध कराने के लिए स्वयँसेवकों की आवश्यकता है।

## न्यूज़लेटर और गतिविधियाँ

गतिविधियों और पर्यटन-यात्राओं का आयोजन करने के लिए सदस्यों को एक शुल्क देय होगा। भविष्य की गतिविधियों और अभिरुचि के अन्य विषयों का मूल्य और विवरण ब्लैकटाउन के सदस्यों के एक मासिक न्यूज़लेटर और माउँट ड्रयूइट के सदस्यों के लिए एक तिमाही न्यूज़लेटर में प्रकाशित किया जाता है। ये न्यूज़लेटर क्लब के सदस्यों, संबंधित संगठनों, और सामुदायिक व स्थानीय सरकारी संगठनों को बाँटे जाते हैं। किसी गतिविधि में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति या तो फोन से या फिर स्वयँ उपस्थित हो कर आरक्षण करा सकते हैं।

## सदस्यता

आवेदन प्राप्त होने के बाद यह जानने के लिए एक साक्षात्कार किया जाएगा कि आपको पूर्ण सदस्यता या सहायक सदस्यता की आवश्यकता है। सदस्यता का शुल्क सालाना रूप से भरना होगा।

| | |
|---|---|
| पूर्ण सदस्यता | = $20 |
| सहायक सदस्यता | = $10 |